महत्वपूर्ण एवं खास

हादसे में मृत छात्र की माता को दिया गया बीमा राशि का चेक

बकावंड (आरएनएस)। पूर्व माध्यमिक शाला नेगानार के एक छात्र की माता को छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। छठवीं कक्षा के छात्र लखीधर कश्यप का 19 फरवरी को कार दुर्घटना में निधन हो गया था। लखीधर छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमित था। दुर्घटना बीमा योजना के तहत एक लाख रु. का चेक लखीधर की माता मिटकी कश्यप को जनपद अध्यक्ष सुखदेई बघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोतीराम कश्यप, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दयानाथ कश्यप द्वारा प्रदान किया गया।

ग्राम गुल्लू में जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

रायपुर (आरएनएस)। जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम-गुल्लू में जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष-जनपद पंचायत आरंग, केशरी मोहन साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, अनिता थानसिंग साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, माखन कुर्रे , सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, लक्ष्मी हीरादास जांगड़े , सदस्य जनपद पंचायत आरंग, तारा प्रेमनारायण सरपंच-ग्राम पंचायत, गुल्लू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अजीविका मिशन के स्टॉल लगाये गये ।साथ ही निजी क्षेत्रों के स्टॉल भी लगाये गये। कार्यक्रम में 500 से अधिक कृषक एवं जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अंतर्गत बीज प्रक्रिया केन्द्र, बीज उत्पादक सहकारी समिति एवं ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। विभाग की ओर से गयाराम संयुक्त संचालक कृषि विभाग रायपुर, राजेन्द्र कश्यप उप संचालक कृषि विभाग रायपुर, उत्तम कुमार गव्हाड़े अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायपुर, जी.पी. वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.खं.-आरंग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में द्वारिका साहू जी सदस्य अपेक्स बैंक छ.ग., गोविंद चन्द्राकर जी सदस्य छ.ग. राज्य कृषि एवं बीज विकास निगम, एवं श्रवण चन्द्राकर जी, सदस्य-कृषक कल्याण परिषद छ.ग. विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ऑटो एक्सपो 2023 में वाहनों के विक्रय पर रोड टैक्स में एकमुश्त 50 प्रतिशत छूट तत्काल प्रभाव से स्थगित

रायपुर (आरएनएस)। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 24 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक आयोजित ऑटो एक्सपो- 2023 में वाहन के विक्रय के उपरांत पंजीयन चिन्ह आबंटन हेतु वाहनों के जीवनकाल कर के भुगतान में, मोटरयान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत छूट के प्रावधान को राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ऑटो एक्सपो-2023 में मोटरयान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने संबंधी राज्य शासन द्वारा 24 मार्च 2023 को जारी अधिसूचना के प्रभाव एवं संचालन को स्थगित कर दिया गया है। सहायक परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ ने इस संबंध में समस्त वाहन डीलर्स को पत्र भेजकर वाहनों के जीवनकाल कर के भुगतान में, मोटरयान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत छूट के प्रावधान को स्थगित कर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

कोरबा में शुरू हुई कैंसर की सर्जरी : अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर, मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में शुरू हुई कैंसर की सर्जरी

❒ ब्रेस्ट कैंसर का हुआ सफल ऑपरेशन, महिला को मिली नई जिंदगी

कोरबा (आरएनएस)। जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज खुलने का लाभ अब जिलेवासियों को मिलने लगा है। कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए बड़े शहरों और महानगरों की ओर जाने वाले मरीजों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में उपचार का लाभ मिलने लगा है। इससे मरीजों को अनावश्यक पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे और मरीजों के समय की बर्बादी भी नहीं होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होने वाला जटिल से जटिल ऑपरेशन तथा इलाज अब जिला चिकित्सालय कोरबा में कराना संभव हो गया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ प्रभात पाणीग्रही एम.एस. तथा उनकी टीम के द्वारा एक 35 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफ ल ऑपरेशन किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि की एक नई प्रगति दिखाई देने लगी है।

मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कैंसर की सर्जरी शुरू होने से जिले के मरीजों में उम्मीद की किरण जग गई हैं, इसके पूर्व कोरबा तथा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में कैंसर के मरीजों के लिए उपचार तथा ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने के कारण जिले के कैंसर से पीड़ित मरीजों को बिलासपुर, रायपुर तथा अन्य राज्यों में जाकर इलाज करवाना पडता था। यह बेहद खर्चीला था और आने-जाने तथा ठहरने में समय के साथ अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। अब जबकि जिले के कैसर पीड़ित मरीजों को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में इलाज की सुविधा उपलब्ध है तो मरीजों की एक बड़ी समस्या का निराकरण संभव हो पाया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. पाणीग्रही द्वारा बताया गया कि कैंसर बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। 04 जनवरी 2023 को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में एक 35 वर्षीय महिला जो ब्रेस्ट कैंसर स्टेज 2बी की समस्या से जूझ रही थी, उसे एडमिट कराया गया। आयुष्मान भारत स्कीम के तहत उसका ऑपरेशन किया गया। इसके पूर्व यह महिला 1 वर्ष से भी अधिक समय से अलग-अलग अस्पताल में जाकर इलाज एवं ऑपरेशन के लिए भटक रही थी। यहां इसका सफल ऑपरेशन किया गया जिससे महिला को नई जिन्दगी मिल गई। उन्होंने बताया कि महिला के रिकव्हरी की रफ्तार भी अच्छी है। हम प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार उसका कीमो और रेडियोथेरेपी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन केशरी तथा डॉ. अविनाश मेश्राम, अधिष्ठाता, डॉ. गोपाल कंवर, मेडिकल सुपरीटेंडेंट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टीम द्वारा किए गए ब्रेस्ट कैसर ऑपरेशन करने पर बधाई देते हुए सीएमएचओ सहित अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा है कि भविष्य में क्षेत्र की जनता जो विभिन्न बीमारियों से पीडित है तथा इलाज तथा ऑपरेशन कराने में असमर्थ हैं उनका इलाज एवं ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में किया जाएं। उन्होंने जिले की जनता से अपील किया है कि कैंसर के शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज ना करें , मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में पदस्थ चिकित्सक डॉ.प्रभात पाणिग्रही, एम.बी.बी.एस.,एम.एस.,फैलोशिप इन ऑन्कोलॉजी टी.एम.एच से सलाह लें।

सात हाथी और पहुंचे पसान रेंज में, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में घूम रहे हाथियों का एक दल जहां आगे बढक़र पसान रेंज पहुंच गया है, वहीं दूसरा दल भी आगे का रूख करते हुए कोरबी चौकी अंतर्गत सिरमिना में दस्तक दे दिया है। आधी रात को अचानक हाथियों के पहुंचने से जहां पसान रेंज में सक्रिय हाथियों की संख्या बढक़र 27 हो गई है। यहां 21 हाथी पहले से ही मौजूद हैए जो सेमहरा गाड़ागोड़ा के जंगल में घूम रहे हैं। अचानक यहां पहुंचे हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लेकिन बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों के घूमने से वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। वन अमला हाथियों के निगरानी और तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिरमिना पहुंचे हाथियों के दल में दो शावक भी शामिल है। वन विभाग के अधिकारियों के दल में शावक होने के कारण हाथी तेजी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं। जहां भी पानी व चारा की पर्याप्त उपलब्धता तथा अनुकूल वातावरण मिलता है वहां पर काफी दिनों तक डेरा डाल देते हैं। इससे पहले यह दल कापानवापारा के आसपास जमे हुए थे। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में पहुंचे डेढ़ दर्जन हाथियों का दल एक बार फिर वापस धरमजयगढ़ लौट गया है। हाथियों ने यहां कल्मीटिकरा में शनिडेरा के आसपास तीन दिनों तक डेरा जमाया हुआ था। बीती रात हाथियों ने आगे का रूख किया और जंगल ही जंगल विचरण करते हुए कुदमुरा रेंज की सीमा को लांघ कर धरमजयगढ़ क्षेत्र पहुंच गए। बालको वन परिक्षेत्र अंतर्गत दूधीटांगर व फुटकापहाड़ के जंगल में 20 हाथियों की मौजूदगी लगातार कायम है। हाथी यहां काफी दिनों से घूम रहे हैं, लेकिन नुकसानी शुन्य है। जिससे वन विभाग ने राहत महसूस किया है।

आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान हुआ विस्फोट एक जवान घायल

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के थाना नेलसनार-बांगापाल क्षेत्रांतर्गत फुड्री सीआरपीएफ 165 वीं हेडचटर से सीआरपीएफ के जवान एरिया डॉमिनेशन/ सर्चिंग हेतु आज गुरूवार सुबह रवाना हुई थी। कार्यवाही के दौरान लगभग 12 बजे ग्राम नेलसनार और पांडेमुर्गा के मध्य पुलिया के पास सडक़ किनारे नक्सलियों के द्वारा लगाए गये प्रेशर आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान अचानक आईईडी में हुए विस्फोट में सीआरपीएफ 165 बटालियन बीडीएस के आरक्षक रवि कुमार इसकी चपेट में आकर घायल हो गया है, आरक्षक के हांथ एवं पैर में चोंट आई है। घटना के बाद जवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ ले जाया गया, जहां प्रथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु हेलीकाप्टर-चौपर से रायपुर के लिए एयर लिफ्ट कर रवाना कर दिया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घटनास्थल में और भी आईईडी होने की संभावना को देखते हुए बीडीएस टीम पूरे इलाके की सर्चिंग कर रही है।

राजमार्गों में घायलों के त्वरित उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 और 1033 का जल्द किया जाएगा इंटीग्रेशन

❒ परिवहन सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

❒ राजमार्गों में दुर्घटना रोकने ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों में लाएं तेजी

रायपुर (आरएनएस)। राजमार्गों में ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों, राजमार्गों में लगे कैमरे और टोल प्लाजा के डेटा के इंटीग्रेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में राजमार्गों में घायलों के त्वरित उपचार हेतु एम्बुलेंस सेवा 108 तथा 1033 के यथाशीघ्र इंटीग्रेशन, ब्लैक स्पॉट्स के प्रभावी सुधारात्मक उपायों में शीघ्रता तथा राजमार्गों में लगे कैमरे तथा टोल प्लाजा के डेटा को इंटीग्रेट कर चालानी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में लीड एजेंसी (सडक़ सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा, संयुक्त परिवहन आयुक्त वेदव्रत सिरमौर, प्रबंधक एनएचएआई प्रखर अग्रवाल, उप संचालक स्वास्थ्य डॉ. डी.के तुर्रे, डॉ. जी.जे. राव, एनआईसी के वरिष्ठ संचालक वाई.वी.एस. राव, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता राजकुमार रात्रे, आरटीओ रायपुर शैलाभ साहू सहित परिवहन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एम्बुलेंस सेवा 108, 1033 के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नाबालिग लड़की की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई में गुरूवार को दिनदहाड़े एक युवक ने दो नाबालिग लड़कियों पर चाकू से हमला कर दिया है। इस हमले में एक लडक़ी की मृत्यु हो गई वहीं दूसरी घायल है। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामला प्रेम प्रसंग का है।

मिली जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर इंदिरा नगर में गुरुवार दोपहर तीन बजे के करीब नाम महेश यादव नाम के युवक ने दो नाबालिग बहनों पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि युवक का 16 वर्षीय बड़ी बहन के साथ प्रेम संबंध था, किंतु लडक़ी उसे छोडक़र किसी और लडक़े से प्यार करने लगी थी। जिस लेकर आरोपी युवक ने गुरूवार को जवारा विसर्जन के दौरान लडक़ी पर चाकू से हमला कर दिया तथा बीच-बचाव कर रही छोटी बहन पर भी हमला कर दिया।

इस हादसे में बड़ी बहन की मौत हो गई। बताया जाता है कि महेश कुछ महीने पहले चोरी के मामले में जेल गया था और एक महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। जेल चले जाने पर लडक़ी का अफेयर दूसरे लडक़े से हो गया। जब महेश जेल से बाहर आया और लडक़ी को मिलने के लिए बुलाया तो लडक़ी ने मिलने से मना कर दिया। उसने बताया कि वो दूसरे लडक़े से प्यार करती है और अब उससे कोई रिश्ता नहीं रखना चाहती है। इसी बात की रंजिश महेश रखे हुए था। जवारा विसर्जन के दौरान उसने लडक़ी आखिरी बार मिलने के लिए बुलाया था। जब लडक़ी वहां अपनी छोटी बहन के साथ पहुंची तो उसने चाकू से दोनों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें छोटी बहन बुरी तरह घायल हो गई, वहीं बड़ी बहन के सीने में चाकू लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में सुपेला थाना ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

तीन दुकानों को तोड़ता हुआ मकान में घुसा बेकाबू हाईवा, चक्काजाम

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक हाईवा अनियंत्रित होकर तीन दुकान और एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि इस दौरान मकान में मौजूद परिवार का कोई सदस्य चपेट में नहीं आया। हालांकि टक्कर लगने से हाईवा चालक घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर के बाद हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इसके बाद 3.75 लाख रुपये के मुआवजे पर समझौता हुआ। मामला बालको नगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक परसा भाटा वार्ड में रात्रि को एक तेज धमाका सुनाई दिया। इस पर हड़बड़ा के लोग घर से बाहर निकले। देखा तो पड़ोस में रहने वाले सरस्वती राठौर की दुकान को तोड़ता हुआ एक हाईवा उनके घर में घुस गया था। टक्कर के चलते दुकान का सामान और मकान के सामने की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। वहीं हाईवे में चालक घायल हालत में पड़ा हुआ था। इस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच लोगों को पता चला कि दो और दुकानें शैलेंद्र राठौर व मुकेश गुप्ता की भी हाईवा की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गयी है। इस पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही लोगों ने हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया। कई घंटे तक सडक़ जाम रही। इसके चलते बड़े वाहन फंस गए। लोग मुआवजा देने की और कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने इस पर हाईवा मालिक को भी मौके पर बुला लिया। सरस्वती ने बताया कि घटना के दौरान घर के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे। इसके चलते जनहानि नहीं हुई। उसे करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा हैं की कई घंटे की बहस बाजी के बाद ट्रांसपोर्टर ने मुआवजा का भुगतान किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जिले को क्षय रोग से दिसंबर तक मुक्त करने का लक्ष्य

❒ हर वर्ष 21 हजार प्रभावितों का कर रहे परीक्षण

कोरबा (आरएनएस)। स्वास्थ्य विभाग की पूरी कोशिश है कि दिसंबर 2023 तक अंतिम रूप से कोरबा जिले को क्षय रोग से पूरी तरह मुक्त कर लिया जाए । प्रदेश और देश के लिए भी इस मामले में समय सीमा तय करने के साथ काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और साहित्य समिति की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में यह जानकारी साझा की गई।

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विषय को लेकर लोगों को पर्याप्त जानकारी हो, इसके लिए ओपन थिएटर के पास स्थित साहित्य सदन में प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्योग प्रधान क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से होने वाली गंभीर बीमारियों के लक्षण कारण और निराकरण पर पर यह कार्यक्रम केंद्रित था। साहित्य सदन के संरक्षक कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल सहित अतिथियों ने विद्या दायिनी देवी सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर जी यात्रा आमंत्रित किए गए थे। साहित्य सदन के सभागार में उपस्थित साहित्यकारों से संवाद करते हुए डॉक्टर जत्रा ने विषय के परिपेक्ष में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि जिले को टीवी से मुक्त करना बड़ी चुनौती है। प्रतिवर्ष देश में 24 लाख लोग टीवी की बीमारी से ग्रसित होते हैं इनमें बच्चों की संख्या 1लाख 60 हजार के आसपास आंकी गई है जबकि इस बीमारी से जूझते हुए हर वर्ष डेढ़ लाख लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। कोरबा जिले छत्तीसगढ़ और देश को टीवी की बीमारी से मुक्त करने के लिए अलग-अलग समय सीमा तय की गई है। प्रतिवर्ष अकेले कोरबा जिले में 21 हजार लोगों का परीक्षण किया जा रहा है और इनमें से लगभग दो हजार के आसपास लोग पॉजिटिव प्राप्त हो रहे हैं। इनकी चिकित्सा हमारा विभाग कर रहा है।

आयोजक संस्था के संरक्षक कमलेश यादव ने भी कार्यक्रम में अपने सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने आग्रह किया कि हम अपनी रचनाओं के माध्यम से इन बीमारियों से लोगों को बचाने का संदेश दे और अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया इस कार्यक्रम में जिले के साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ इसे जन सामान्य के बीच साझा करने का संकल्प दोहराया।